भारत सरकार रेल मंत्रालय

रेलवे भर्ती बोर्ड

केंद्रीकृत रोज़गार सूचना (सीईएन) 09/2025 के तहत 7वें केंद्रीय वेतन आयोग (सीपीसी) पे मैट्रिक्स के लेवल 1 में विभिन्न पदों के लिए कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) के संभावित कार्यक्रम (शेड्यूल) के संबंध में सूचना

1) ऊपर दिए गए (सीईएन) के लिए संभावित परीक्षा कार्यक्रम इस प्रकार है :-

क्र. सं.	सीईएन	परीक्षा	परीक्षा की तिथि
01	09/2025	7वें सीपीसी पे मैट्रिक्स के लेवल 1 में विभिन्न पद हेतु कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी)	03 अगस्त 2026 से 21 अगस्त 2026 तक

2) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा शहर और तिथि देखने तथा यात्रा प्राधिकरण (ट्रेवलिंग अथोरिटी) डाउनलोड करने का लिंक, परीक्षा की तिथि से 10 दिन पहले सभी आर.आर. बी की आधिकारिक वेबसाइटों और https://rrb.indianrailways.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध करा दिया जाएगा।

3) 'परीक्षा शहर और तिथि की जानकारी' लिंक में बताई गई परीक्षा की तिथि से लगभग 4 दिन पहले ई-बुलावा पत्र (ई-कॉल लेटर) डाउनलोड करना शुरू हो जाएगा।

4) परीक्षा हॉल में प्रवेश करने से पहले अभ्यर्थियों का आधार से जुड़ा बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण (ऑथेंटिकेशन) परीक्षा केंद्र में किया जाएगा। अभ्यर्थियों को अपना मूल आधार कार्ड या ई-सत्यापित आधार का प्रिंटआउट साथ लाना आवश्यक होगा। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि यदि उन्होंने पहले से आधार सत्यापन नहीं किया है, तो वे www.rrbapply.gov.in पर अपने क्रेडेंशियल्स के साथ लॉग-इन करके आधार सत्यापन के माध्यम से अपनी पहचान को प्रमाणित (ऑथेंटिकेट) कर लें ताकि परीक्षा केंद्र में सुगमता से प्रवेश सुनिश्चित हो सके।

5) सभी अभ्यर्थियों से, जिनमें वे अभ्यर्थी भी शामिल हैं, जिन्होंने आवेदन पत्र जमा करते समय अपना आधार सत्यापन कर लिया है, उनसे भी अनुरोध है कि वे अपनी सुविधा के लिए यह सुनिश्चित कर लें कि परीक्षा केंद्र में प्रवेश से पहले उनका आधार UIDAI सिस्टम में 'अन-लॉक' (unlocked) स्थिति में हो। जिससे कि परीक्षा के दिन पंजीकरण और परीक्षा से जुड़ी प्रक्रियाओं में आसानी हो और किसी भी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके।

6) आधार कार्ड में सही नाम, जन्म तिथि (कक्षा 10वीं के प्रमाण पत्र के अनुसार), नवीनतम फ़ोटो, पता और पिता का नाम अद्यतन (अपडेट) होना चाहिए।

7) अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे भर्ती प्रक्रिया से जुड़ी नवीनतम जानकारी के लिए केवल आरआरबी की आधिकारिक वेबसाइटों को ही देखें। कृपया किसी भी अप्रामाणिक स्रोत से गुमराह न हों।

8) ऐसे दलालों से सावधान रहें जो गैर-कानूनी तरीके से नौकरी दिलाने का झूठा वादा करके अभ्यर्थियों को गुमराह करने की कोशिश करते हैं। आरआरबी में चयन कंप्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) पर आधारित होता है और भर्ती केवल उम्मीदवारों की मेरिट के आधार पर की जाती है।

अध्यक्ष
रेलवे भर्ती बोर्ड

दिनांक: 03.07.2026